# Sh. L. N. Hindu College, Rohtak

## Report of Seven Days & Night Special Camp

Organised by

## National Service Scheme

**Under The Aegis of Maharshi Dayanand University Rohtak**

**Not Me But You**

22nd to 28th February, 2026

(Sunday to Saturday)

Village – Bahu Akbarpur, (Rohtak)

**Theme- Youth For my Bharat & Youth for Digital Literary**







**Sh.Shyam Kapoor**
**President ,Hindu Education Society,Rohtak**

**Dr.Anil Kumar Taneja**
**Principal**

**Dr.Rajni Kumari**
**Programme Officer**
**Unit-1**

**Dr.Parveen Sharma**
**Programme Officer**
**Unit-2**

# Schedule of NSS Seven Day & Night Special Camp

## 22nd to 28th February, 2026

## (Sunday to Saturday)

## Sh. L. N. Hindu College, Rohtak

### NSS 7 DAY & NIGHT SPECIAL CAMP

**22nd – 28th February, 2026 at Village Bahu Akbarpur Rohtak**

**Theme- Youth for My Bharat & Digital Literacy**

| Time & Day | Day 1<br>22.02.2026<br>(Sunday) | Day 2<br>23.02.2026<br>(Monday) | Day 3<br>24.02.2026<br>(Tuesday) | Day 4<br>25.02.2026<br>(Wednesday) | Day 5<br>26.02.2026<br>(Thursday) | Day 6<br>27.02.2026<br>(Friday) | Day 7<br>28.02.2026<br>(Saturday) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 AM to 7:00 AM | ----- | Yoga & Meditation | Yoga & Meditation | Yoga & Meditation | Yoga & Meditation | Yoga & Meditation | Yoga & Meditation |
| 7:00 AM to 8:00 AM | ----- | Get Ready | Get Ready | Get Ready | Get Ready | Get Ready | Get Ready |
| 8:00 AM to 9:00 AM | Registration and Breakfast | Breakfast | Breakfast | Breakfast | Breakfast | Breakfast | Breakfast |
| 9:00 AM to 9:30 AM | NSS Song, Ice Break Session Making of Groups | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target | Prayer, NSS Song and Group Discussion about Day Target |
| 9:30 AM to 11:00 AM | | Lecture on "Food habits according to Ayurveda in daily Life"<br>Dr. Jitender Kumar Sahag, .D(Swasthavritta & Yoga) | Workshop on "Bharat ko Jaano"<br>Dr. Parveen , Associate Professor, PG GCW, Rohtak | Lecture on "Swadeshi Bharat ki Pahchaan"<br>Dr. Pradeep Kumar, Assistant Professor, Department of Political Science, MDU, Rohtak | Lecture on Cyber Security<br>Mr. Dayanand ASI Cyber Police Station Rohtak | Donation Drive in Slum Area, Palika Vihar Basti Rohtak | Motivational Talk |
| 11:00 AM to 11:30 AM | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time |
| 11:30 AM to 01:00 PM | Introduction of NSS and Role of NSS Volunteers in Society<br>Dr. Anil Kumar Taneja, Principal Sh. L.N. Hindu College, Rohtak | Lecture on Digital Literacy<br>Dr. Ravinder Singh Pt. NRS G.C Rohtak | Lecture on prevention from HIV AIDS<br>Dr. Sumit Kumari Dahiya<br><br>Visit to Local Village and meeting with Old age | Group Discussion on "Aatam Nirbhar Bharat"<br>Mr. Chander Shekhar Pathak, Swadeshi Jagran Manch<br>& Dr. Promila Yadav | Motivational Talk on "Startup Ideas"<br>Mrs. Mansi Dahiya Owner Rivaj Boutique Vikas Nagar, Rohtak | Visit Lakhi Ram Aashram, NGO, Rohtak | Motivational Talk<br>Dr. Savita Rathee NSS coordinator MDU, Rohtak, |


## Sh. L. N. Hindu College, Rohtak

### NSS 7 DAY & NIGHT SPECIAL CAMP

**22nd – 28th February, 2026 at Village Bahu Akbarpur Rohtak**

**Theme- Youth for My Bharat & Digital Literacy**


| Time & Day | Day 1<br>22.02.2026<br>(Sunday) | Day 2<br>23.02.2026<br>(Monday) | Day 3<br>24.02.2026<br>(Tuesday) | Day 4<br>25.02.2026<br>(Wednesday) | Day 5<br>26.02.2026<br>(Thursday) | Day 6<br>27.02.2026<br>(Friday) | Day 7<br>28.02.2026<br>(Saturday) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Persons | | | | |
| 01:00 to 2:00 PM | Lunch | Lunch | Lunch | Lunch | Lunch | Lunch | Lunch |
| 02:00 PM to 3:30 PM | Lecture on Road Safety<br>Dr. Parveen Sharma | Group Discussion on "Drug Free Haryana"<br>Mr. Parveen Kumar Pt. NRS G.C Rohtak<br>Tree Plantation | Group Discussion on "Women Empowerment"<br>Dr. Harshita Chhikara | Declamation Competition | Tree Plantation<br>&<br>Group Discussion on "Clean India Mission"<br>Dr. Anju Deswal | Tree Plantation | Valedictory Session All Worthy management |
| 3:30 PM to 4:30 PM | Tree Plantation<br>&<br>Eco Brick Campaign Swach Bharat Abhiyan<br>Dr. Rajni Kumari | Poster Making / Slogan Writing Competition on "Save Environment / Drug Abuse" | Tree Plantation<br>&<br>Awareness Rally on "Road Safety" | Tree Plantation<br>&<br>Awareness Rally on "Drug Free India" | Dance Competition<br>&<br>Nukkad Natak Competition | Exhibition | Feedback/ Outcome of the Camp and suggestions |
| 4:30 to 05:00 PM | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | Tea Time | |
| 05:00 PM to 06:00 PM | Group Sports/Physical Activity | Awareness rally on "Swacch Bharat" | Group Sports/Physical Activity | Group Sports/Physical Activity | 100 mt. Race Competition | Group Sports/Physical Activity | |
| 06:00 PM to 07:00 PM | Cultural Programme | Cultural Programme | Cultural Programme | Cultural Programme | Cultural Programme | Cultural Programme | High Tea |
| 7:00 to 8:00 PM | | | Dinner | | | | |

| Sr.No. | Day | Date | Link | QR Code | Page No |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day-1 | 22.02.2026 | https://youtu.be/qARLQryxTyo?si=6WwvgaEAsT_8CQyD | | 4-10 |
| 2 | Day-2 | 23.02.2026 | https://youtu.be/1LJrG16NtEQ?si=Obq_uYL-DJOcjbv2 | | 11-14 |
| 3 | Day-3 | 24.02.2026 | https://youtu.be/EG5BDPn-1GQ?si=zl29las8oftSOlUj | | 15-18 |
| 4 | Day-4 | 25.02.2026 | https://youtu.be/VXHI1QD48bQ?si=ldrdvlnK2TvjLbGf | | 19-22 |
| 5 | Day-5 | 26.02.2026 | https://youtu.be/8s2pIZrnFYQ?si=eoT58yH6SltHUY2a | | 23-27 |
| 6 | Day-6 | 27.02.2026 | https://youtu.be/otmD2AN7dqw?si=1HjdQJgkSymZxp1U | | 28-32 |
| 7 | Day-7 | 28.02.2026 | https://youtu.be/A384wmNR8gk?si=LFNZ_krUoHxztsUw | | 33-39 |

# Participants of the Programme






## Day 1: Inauguration Function (22.02.26)

**सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष एन.एस.एस. शिविर का शुभारंभ**

श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज, रोहतक की एन.एस.एस. इकाईयों द्वारा सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम बहु कबरपुर में बाबा जीवनदास अखाड़े में उत्साहपूर्वक किया गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह के साथ अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ एन.एस.एस. स्वयंसेविका पलक एव मुस्कान द्वारा अतिथियों के स्वागत भाषण से किया गया। एन.एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा , विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अनिता तनेजा जी एवं उपस्थित ग्रामवासियों का अभिनंदन करते हुए शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, ग्राम सरपंच, पंचायत सदस्यों एवं अन्य गणमान्य ग्रामीणों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया l सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत, नशामुक्त भारत पर रागिनी व पेड़ लगाओ विषय पर सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के प्राचार्य महोदय डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. केवल एक इकाई नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग एवं सेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिता तनेजा जी ने अपने संबोधन में कहा की एनएसएस वॉलंटियर्स निस्वार्थ समाज सेवा कर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा रहे हैं । श्रीमान मुकेश जी व डॉ. जयकरण जी ने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप बहु अकबरपूर के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं जो बहुत सराहनीय है । कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि, ग्राम पंचायत सदस्यों में उपस्थित विजय जी , मुकेश जी, राकेश जी, जयकरण जी, राजसिंह जी, जोगेंद्र जी, ईश्वंत जी और ग्रामीणों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। सत्र के अंत में पोधारोपण भी किया गया ।
उद्घाटन सत्र के उपरांत सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों के लिए सामूहिक भोजन (लंच) की व्यवस्था की गई। दोपहर के सत्र में "एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जिम्मेदारियाँ" विषय पर आयोजित व्याख्यान में डॉ रजनी कुमारी व डॉ प्रवीण शर्मा ने सामूहिक चर्चा की जिसमे स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों, सामाजिक दायित्वों, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन तथा टीमवर्क के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि शिविर के दौरान वे किस प्रकार ग्रामवासियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य कर सकते हैं। इसके पश्चात "इको ब्रिक अभियान" पर स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग द्वारा इको ब्रिक्स बनाने की प्रक्रिया समझाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया। ग्रामीणों ने भी इस अभियान में सहयोग का आश्वासन दिया। सांयकालीन सत्र में खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों एवं ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए गए। खेल गतिविधियों ने आपसी सहयोग एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। लावण्या, मनीषा, सारिका, अनमोल, राघव, सपना, शिवम् , अंकित, निकिता, राखी, अनिष्का, मोहित , नंदिनी आदि स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा । इस प्रकार शिविर का प्रथम दिवस सेवा, शिक्षा, जागरूकता एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आगामी दिनों में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एव पोषण , जागरूकता रैली, सड़क सुरक्षा , साइबर सुरक्षा, नशामुक्त समाज,साक्षरता कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
यह सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बहुअकबरपुर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध होगा।




GPS Map Camera
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906232° Long 76.474907°
Sunday, 22/02/2026 09:27 AM GMT +05:30
Google




नशा नहीं
Check in
Google
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4f+pr2, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906381° Long 76.474836°
Sunday, 22/02/2026 01:17 PM GMT +05:30




SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
7 Days & Nights Special Camp








GPS Map Camera
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906225° Long 76.474811°
Sunday, 22/02/2026 09:43 AM GMT +05:30
Google


Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906411° Long 76.474914°
Sunday, 22/02/2026 01:22 PM GMT +05:30












HINDU COLLEGE, ROHTAK
Service Scheme
vivo T4
02/22/2026, 13:58





# Day 2 (23.02.26)

श्री एल एन हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन ग्राम बहुअकबरपुर में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ रजनी कुमारी व डॉ प्रवीण शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रातः प्रार्थना एवं एनएसएस गीत के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ "उठे समाज के लिए उठें" एनएसएस गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति और सेवा भावना से ओत-प्रोत कर दिया ।इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं विद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने "स्वच्छ ग्राम, स्वस्थ ग्राम" का संदेश देते हुए सफाई के महत्व को समझाया।प्रातःकालीन गतिविधियों में योग सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक के निर्देशन में सूर्य नमस्कार, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे अभ्यासों से स्वयंसेवकों ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझा। प्रातःकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ जितेन्द्र सुहाग ने "आयुर्वेद में आहार की आदतें" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने संतुलित आहार, मौसमी फल-सब्जियों के सेवन तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात प्रो रविन्द्र सिंह ने "डिजिटल साक्षरता" विषय पर जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवकों एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से दोपहर का भोजन ग्रहण किया।सायंकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री प्रवीण जी ने "प्लास्टिक मुक्त हरियाणा" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। इसके उपरांत पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त समाज पर आकर्षक पोस्टर एवं प्रेरणादायक नारे प्रस्तुत किए।स्वच्छ भारत विषय पर ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने नारों के माध्यम से ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया। रैली के दौरान "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" और "प्लास्टिक हटाओ, धरती बचाओ" जैसे नारे लगाए गए।

दिन के अंत में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया कार्यक्रम का सफल मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेविकाएँ पलक एवं मुस्कान द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे दिन की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित किया । अंत में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रजनी कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया तथा शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस प्रकार सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सेवा भावना से परिपूर्ण रहा।










SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
7 Days & Nights Special Camp
NSS CELL












SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme


COLLEGE, ROHTAK

# Day 3 (24.02.2026)

श्री एल एन हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन विशेष शिविर का तृतीय दिवस ग्राम बहुअकबरपुर में उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ रजनी कुमारी एव डॉ प्रवीण शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

तृतीय दिवस की शुरुआत प्रातः प्रार्थना एवं एनएसएस गीत से हुई। स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ एनएसएस गीत प्रस्तुत कर सेवा और समर्पण की भावना को सशक्त किया। इसके पश्चात ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने बाबा जीवन दास अखाड़े की सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रातःकालीन योग सत्र में स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासन किए। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया और मानसिक एकाग्रता व शारीरिक सुदृढ़ता के महत्व को समझाया गया।

प्रातःकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रवीण ने “भारत को जानो” विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्रीय एकता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को देश के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

इसके उपरांत डॉ सुमित कुमारी दहिया ने “एचआईवी/एड्स” विषय पर जानकारी दी। उन्होंने इस रोग के कारण, लक्षण, बचाव और समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की तथा भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया।

व्याख्यान सत्र के पश्चात सभी स्वयंसेवकों एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से दोपहर का भोजन ग्रहण किया। सायंकालीन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ हर्षिता छिकारा ने “महिला सशक्तिकरण” विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समाज में समानता और सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।

तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को जाना। इसके अतिरिक्त ग्राम के तालाब का निरीक्षण किया गया, जहाँ जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाषण (Declamation) एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने देशभक्ति, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

दिन के अंत में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर टीम भावना का परिचय दिया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।पूरे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेविकाएँ पालक एवं मुस्कान द्वारा किया गया।

शिविर की सफलता में स्वयंसेवक लावण्या, मनीषा, गगन, सारिका, निकिता, राघव, अनमोल, कोमल, सपना , शिवम् ,निकिता , पलक, मुस्कान, नंदिनी, राखी आदि का विशेष सहयोग रहा।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रजनी कुमारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर की निरंतर सफलता की कामना की। इस प्रकार सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस ज्ञान, जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता से परिपूर्ण रहा।...


Bahu-akbarpur, Haryana, India


Bahu-akbarpur, Haryana, India


Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906231° Long 76.474981°
Tuesday, 24/02/2026 10:19 AM GMT +05:30
Google


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
7 Days & Nights Special Camp
Village - Bahu Akbarpur






















nal Service Scheme

# Day 4 (25.02.2026)

श्री एल. एन. हिंदू कॉलेज, रोहतक द्वारा आयोजित 7 दिवसीय एवं रात्रि विशेष एनएसएस शिविर के चौथे दिन का आयोजन ग्राम बहुआकबरपुर में अत्यंत उत्साह एवं अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। यह शिविर माननीय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. परवीन शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

प्रातःकालीन कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी, प्रार्थना तथा एनएसएस गीत से हुई, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति और सेवा भावना का संचार हुआ। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा गाँव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। योग सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा और विभिन्न योगासन का अभ्यास किया।

प्रातः सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में Maharshi Dayanand University के प्रो. अश्वनी जी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

इसके पश्चात डॉ. प्रदीप गहलावत ने “स्वदेशी का महत्व” विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि यह राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से ‘लोकल फॉर वोकल’ की भावना अपनाने का आह्वान किया।

इसके बाद डॉ. प्रोमिला यादव ने “पर्यावरण बचाओ” विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए जल, वायु और भूमि प्रदूषण को रोकने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे और प्लास्टिक का उपयोग कम करे।

दोपहर के भोजन के पश्चात सायंकालीन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संघचालक श्री चंद्रशेखर जी ने समूह चर्चा का संचालन किया। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन के महत्व और भारतीय संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को स्वदेशी विचारधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

नशामुक्त भारत संदेश के साथ एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें “नशा नही संस्कार चाहिए, नशा हटाओ -देश बचाओ “जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

सायंकाल में खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाषण प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने देशभक्ति गीत, नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेवक पलक एवं मुस्कान ने अत्यंत कुशलता से किया।

कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, सभी वक्ताओं, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस प्रकार एनएसएस शिविर का चौथा दिवस सेवा, स्वदेशी भावना, पर्यावरण संरक्षण एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।












NATIONAL SERVICE SCHEME


Bahu-akbarpur, Haryana, India









## Day 5 (26.02.2026)

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत चलाया स्वच्छता अभियान



**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव बहुअकबरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। योग सत्र में स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं विभिन्न योगासन किए। बतौर वक्ता, डॉ. जितेन्द्र सुहाग ने आयुर्वेद में आहार की आदतें विषय पर व्याख्यान दिया और संतुलित आहार, मौसमी फल-सब्जियों के सेवन तथा आयुर्वेदिक जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो रविन्द्र सिंह ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर चर्चा की। प्रवीण गोयल ने प्लास्टिक मुक्त हरियाणा विषय पर विचार रखे। डॉ. सुमित कुमारी दहिया

ने एचआईवी/एड्स विषय पर जानकारी दी। डॉ. हर्षिता छिक्कारा ने महिला सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला।


Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906219° Long 76.474906°
Thursday, 26/02/2026 11:36 AM GMT +05:30


Google
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906429° Long 76.475246°
Thursday, 26/02/2026 09:31 AM GMT +05:30


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK














Google
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906439° Long 76.474892°
Wednesday, 25/02/2026 04:29 PM GMT +05:30


Check In
Bahu-akbarpur, Haryana, India
Wf4g+j49, Bahu-akbarpur, Haryana 124022, India
Lat 28.906355° Long 76.47512°


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
Organises
7 Days & Nights Special Camp







# Day 6 (27.02.2026)

श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज, रोहतक की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय एवं रात्रि विशेष शिविर के छठे दिन ग्राम बहुआकबरपुर में सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. परवीन शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं एनएसएस गीत से हुई। स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना कर दिनभर की गतिविधियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा एवं सेवा भावना का संकल्प लिया। एनएसएस गीत के माध्यम से राष्ट्रसेवा एवं समाजसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

इसके पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने ग्रामवासियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा कचरे के उचित निस्तारण के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में ग्रामवासियों ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

प्रातःकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने एक एनजीओ का शैक्षिक भ्रमण किया। वहां संस्था के कार्यों, समाज के वंचित वर्गों के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा सेवा के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की। स्वयंसेवकों ने संस्था के सदस्यों से संवाद कर सामाजिक सेवा के व्यावहारिक पहलुओं को समझा और भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

दोपहर में सामूहिक भोजन के पश्चात विश्राम किया गया।

सांध्य सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा स्लम क्षेत्रों में दान अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को कपड़े, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं। स्वयंसेवकों ने मानवीय संवेदनाओं को समझते हुए समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करने का संदेश दिया। इस पहल की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

शाम को खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खेल गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में टीम भावना, अनुशासन एवं उत्साह का विकास हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, नृत्य एवं लघु नाटिकाओं की प्रस्तुतियां दी गईं, जिनसे वातावरण उल्लासपूर्ण बन गया।

छठे दिन की गतिविधियां अत्यंत प्रेरणादायक एवं समाजोपयोगी रहीं। एनएसएस शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सेवा, समर्पण एवं सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट परिचय दिया और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।








WALL OF HONOUR




Rohtak, Haryana, India
5000, New Rajendra Colony, Rohtak, Haryana
124001, India
Lat 28.89344° Long 76.568017°
Friday, 27/02/2026 12:09 PM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Rohtak, Haryana, India
477v, New Rajendra Colony, Rohtak, Haryana
124001, India
Lat 28.893518° Long 76.56883°
Friday, 27/02/2026 12:20 PM GMT +05:30
Google








Rohtak, Haryana, India
6000, New Rajendra Colony, Rohtak, Haryana
124001, India
Lat 28.89344° Long 76.588017°
Friday, 27/02/2026 12:08 PM GMT +05:30


COLLEGE, ROHTAK

# Day 7 Valedictory Function (28.02.2026)

## ग्रामीण जनता को जागरूक करने का माध्यम है एनएसएस शिविर: डॉ. सविता

रोहतक (चेतना संवाददाता) लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव बहुअकबरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि, एमडीयू की एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता राठी ने शिरकत की। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर के माध्यम से ग्रामीण जनता को राष्ट्र



निर्माण और डिजिटल जागरूकता तथा सामुदायिक सेवा, स्वदेशी जागरूकता, नशा मुक्त भारत तथा स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने शिविर के सफल संचालन के लिए बधाई दी और कहा कि ये शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने इस सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर रागनी, पर्यावरण व वायु प्रदूषण विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। हिंदू प्रबंधन समिति की ओर से अतिथियों व गांव बहु अकबरपुर के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डॉ. रीना कत्याल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिन्दू शिक्षण समिति के पदाधिकारी व सदस्य, ग्रामीण, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।












SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
7 Days & Nights Special Camp





राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME







7 Days & Nights Special


SH. L.N. HINDU COLLEGE,


From : 22 - 28 February,


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
Organises
7 Days & Nights Special Camp


National Service Scheme
Organises
7 Days & Nights Special Camp




SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme




SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK
National Service Scheme
Organises
7 Days & Nights Special Camp


SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK

# गांव बहु अकबरपुर में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर प्रारंभ



**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाईयों द्वारा गांव बहु अकबरपुर स्थित बाबा जीवनदास अखाड़े में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। ये शिविर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

बतौर मुख्य अतिथि, प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने ग्राम सरपंच, पंचायत सदस्यों एवं अन्य गणमान्य जन के साथ दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत गीत, नशामुक्त भारत पर रागिनी व पेड़ लगाओ विषय पर सामूहिक गीत प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने विद्यार्थियों को समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हुए कहा कि एनएसएस समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिता तनेजा ने कहा कि एनएसएस वालंटियर्स निस्वार्थ समाज सेवा कर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. रजनी कुमारी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया। दोपहर के सत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जिम्मेदारियां विषय पर आयोजित व्याख्यान में डॉ रजनी कुमारी व डॉ प्रवीण शर्मा ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों, सामाजिक दायित्वों, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन तथा टीमवर्क के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके बाद इको ब्रिक अभियान पर चर्चा करते हुए प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग द्वारा इको ब्रिक्स बनाने की प्रक्रिया समझाई गई।

सायंकालीन सत्र में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों एवं ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य एव पोषण जागरूकता रैली, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, नशामुक्त समाज, साक्षरता कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## ग्रामीण जनता को जागरूक करने का माध्यम है एनएसएस शिविर : डॉ. सविता

रोहतक (चेतना संवाददाता) लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव बहुअकबरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि, एमडीयू की एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता राठी ने शिरकत की। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर के माध्यम से ग्रामीण जनता को राष्ट्र



निर्माण और डिजिटल जागरूकता तथा सामुदायिक सेवा, स्वदेशी जागरूकता, नशा मुक्त भारत तथा स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने शिविर के सफल संचालन के लिए बधाई दी और कहा कि ये शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी कुमारी ने इस सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर रागनी, पर्यावरण व वायु प्रदूषण विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। हिंदू प्रबंधन समिति की ओर से अतिथियों व गांव बहु अकबरपुर के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। डॉ. रीना कत्याल ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिन्दू शिक्षण समिति के पदाधिकारी व सदस्य, ग्रामीण, शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मी तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ग्रामीणों की सेवा करने पर स्वयंसेवक सम्मानित

रोहतक। लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों को ग्रामीण परिवेश में दी गई सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की तो मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. सविता राठी रहीं। डॉ. रजनी कुमारी ने महाविद्यालय की तरफ से गोद लिए गए गांव बहु अकबरपुर के जीवन दास अखाड़े में आयोजित शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नशामुक्ति विषय पर संजय ने रागनी और पर्यावरण विषय पर गीतांश ग्रुप ने लघु नाटिका तथा शिवांशु ने वायु प्रदूषण विषय पर लघु नाटिका प्रस्तुत की। कोमल, कशिश व स्नेहा ने समूह नृत्य किया। डॉ. सविता राठी ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से ग्रामीण जनता को राष्ट्र निर्माण, डिजिटल जागरूकता, सामुदायिक सेवा, स्वदेशी जागरूकता, नशामुक्त भारत व स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर हिंदू शिक्षण संस्थान के उपप्रधान गुलशन ढींगरा, कोषाध्यक्ष जतिन लूथरा, मैनेजर बीबी बठला, मैनेजर जितेंद्र मेहता व अन्य उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवक समाज सेवा में दें योगदान

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान शुक्रवार को राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों से अपनी योग्यताओं को निखार कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। शिविर के छठे दिन बहुअकबरपुर गांव में सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने एक एनजीओ का शैक्षिक भ्रमण किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने शिविर में धन्यवाद ज्ञापित किया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी व डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। संवाद

# एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**रोहतक** | श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में शनिवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता राठी मौजूद रहीं। हिंदू प्रबंध समिति के प्रधान श्याम कपूर एवं अन्य पदाधिकारीगण ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बहु अकबरपुर में आयोजित शिविर की रिपोर्ट डॉ. रजनी कुमारी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नशा मुक्ति पर रागिनी, पर्यावरण पर लघु नाटिका और वायु प्रदूषण पर लघु नाटिका के माध्यम से संदेश दिया। कोमल, कशिश और स्नेहा ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। श्रीश्याम कपूर ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि शिविर में ली गई शपथों को जीवन में उतारना ही असली उद्देश्य है। डॉ. तनेजा ने कहा कि यह शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण है। सभी स्वयंसेवकों को ग्रामीण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# एनएसएस शिविर: जरूरतमंदों को कपड़े, खाद्य सामग्री वितरित की



**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव बहुअकबरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन सेवा, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस दौरान जरूरतमंद लोगों को कपड़े, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गयी।

एनएसएस एसएनओ डॉ.दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों से अपनी योग्यताओं को निखार कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने आभार व्यक्त किया। सांय कालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने एक एनजीओ का शैक्षणिक भ्रमण कर संस्था के कार्यों, समाज के वंचित वर्गों के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा सेवा के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की।


# एनएसएस शिविर: 100 मीटर दौड़ में जया ने मारी बाजी

**ऋषि की आवाज ब्यूरो रोहतक।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा गांव बहुअकबरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरूआत प्रभात फेरी, प्रार्थना, एनएसएस गीत व योगाभ्यास से हुई।



एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि शिविर में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में जोगेंद्र प्रथम, शिवम दूसरे व राघव तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ (महिला) में जया ने प्रथम, मनीषा ने दूसरा व मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रात:कालीन सत्र में सुनील ने ध्यान के विषय में बताते हुए प्रायोगिक भाग भी कराया। सायं कालीन सत्र में डॉ. अंजू देशवाल ने महात्मा गांधी के स्वच्छता दर्शन विषय पर समूह चर्चा का संचालन किया।

# एनएसएस शिविर में करवाया योगाभ्यास



**रोहतक** | श्री एलएन हिंदू कॉलेज में 7 दिवसीय एवं रात्रि विशेष एनएसएस शिविर का चौथे दिन ग्राम बहुआकबरपुर में उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रभात फेरी, प्रार्थना, एनएसएस गीत और योगाभ्यास से हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अश्वनी (यूआईटी, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय) ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी सत्र में डॉ. प्रदीप गहलावत ने 'स्वदेशी का महत्व' और डॉ. प्रोमिला यादव ने \'पर्यावरण बचाओ' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वदेशी अपनाने और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। सायंकालीन सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के चंद्रशेखर ने समूह चर्चा कर स्वदेशी आंदोलन और भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। नशामुक्त भारत संदेश के साथ रैली भी निकाली गई, जिसमें \'नशा नहीं संस्कार चाहिए, नशा हटाओ- देश बचाओ' जैसे नारे लगे। कार्यक्रम में भाषण और डांस प्रतियोगिता आयोजित हुई। मंच संचालन स्वयंसेवक पलक और मुस्कान ने किया।